**संख्या-24/2024/615/तीस-3-24-07बी/2007**

प्रेषक,

के0पी0 सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ दिनॉक 13 मार्च, 2024

विषय- वित्तीय वर्ष 2023-24 में परिवहन आयुक्त कार्यालय भवन एवं सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, रायबरेली के भवन मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्यों हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-146नजा0/2024-22-नजारत/2023, दिनांक 04 मार्च, 2024 एवं पत्र संख्या-जी-69ए/2024-55ए/2023, दिनांक 05-03-2024 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि क्रमश: कार्यालय परिवहन आयुक्त, उ0प्र0 के भवन एवं सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, रायबरेली के भवन की मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के प्रस्ताव पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में परिवहन विभाग की अनुदान संख्या-43 में राजस्व पक्ष के अन्तर्गत लेखाशीर्ष-2059-लोक निर्माण कार्य-01-कार्यालय भवन-051-निर्माण-03-अनावासीय भवनों की मरम्मत तथा रख-रखाव-29-अनुरक्षण में प्रावधानित धनराशि रू0 500.00 लाख में से निम्नलिखित तालिका में अंकित विवरण के अनुसार प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए आपके निवर्तन पर रखने की नीचे उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(धनराशि रू0 लाख में)

| क्र0 सं0 | कार्यालय का नाम | कार्य का नाम | कार्यदायी संस्था का नाम | लागत आगणन | परीक्षित धनराशि/ प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रस्तावित धनराशि | प्रथम किश्त के रूप में निर्गत की जाने वाली धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश। | 1. कार्यालय में स्थापित कक्षों, गैलरी एवं भवन के पश्च भाग की रंगाई-पुताई एवं मरम्मत का कार्य।<br>2. मीटिंग हाल को आधुनिक बनाने के लिए मीटिंग हॉल के उच्चीकरण का कार्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व एयर कंडीशनिंग के साथ एवं पैंट्रि रूम की स्थापना का कार्य।<br>3. अधिक वर्षा होने पर कार्यालय भवन की छत से पानी रिसता है, जिससे कार्यालय की दीवारों में नमी बनी रहती है। इसलिए मुख्य भवन की छत पर वाटर प्रूफिंग का कार्य।<br>4. कार्यालय में स्थापित अधिकारियों के कक्ष संख्या-4, 5, 6 व 9 में वॉशरूम की स्थापना सम्बन्धी कार्य एवं कार्यालय के विस्तार भवन में स्थापित वाशरूमों की मरम्मत सम्बन्धी कार्य। | यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0, कार्यालय परियोजना प्रबन्धक यूनिट-8, इन्द्रपुरी निकट पुलिस चौकी भोला खेड़ा, लखनऊ। | 107.13 | 103.54 | 83.65 |
| 2. | सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय, रायबरेली। | कार्यालय भवन की मरम्मत व रंगाई-पुताई, शौचालय की मरम्मत, जर्जर फर्श की मरम्मत व टाइल्स लगाने का कार्य, भवन में बिजली वायरिंग का कार्य, दिव्यांगजनों/ अशक्तों के लिए रैम्प का निर्माण, कार्यालय परिसर की जर्जर बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत व पेन्टिंग का कार्य। | उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड, निर्माण प्रखण्ड, लखनऊ- द्वितीय। | 143.93 | 142.59 | 83.65 |
| | | | योग = | | 246.13 लाख | 167.30 लाख (रू0 एक करोड़ सड़सठ लाख तीस हजार मात्र) |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

(1) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
(2) कार्य की विशिष्टयॉं, मानक एवं गुणवता सुनिश्चित किये जाने का दायित्व आपका होगा।
(3) प्रश्नगत स्वीकृति जिस कार्य/मद के लिये है, उसी कार्य/मद पर व्यय प्रत्येक दशा में किया जायेगा।
(4) आहरित धनराशि पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।
(5) उक्त व्यय के सम्बन्ध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व आपका होगा।
(6) उक्त कार्यों के सम्बन्ध में समस्त सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में परिवहन विभाग की अनुदान संख्या-43 के राजस्व पक्ष के अन्तर्गत लेखाशीर्ष-2059-लोक निर्माण कार्य-01-कार्यालय भवन-051-निर्माण-03-अनावासीय भवनों की मरम्मत तथा रख-रखाव-29-अनुरक्षण की मद में प्राविधानित धनराशि रू0 500.00 लाख से वहन किया जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनांक 17 मार्च, 2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
ह0/-
(के0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-24/2023/615 (1)/तीस-3-2024, तददिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ ।
4- वित्त नियंत्रक, कार्यालय-परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9
7- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
8- सम्बन्धित कार्यदायी संस्था-(1) यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0, कार्यालय परियोजना प्रबन्धक यूनिट-8, इन्द्रपुरी निकट पुलिस चौकी भोला खेड़ा, लखनऊ। (2) उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड, निर्माण प्रखण्ड, लखनऊ- द्वितीय।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ह0/-
(नितिन कुमार गुप्त)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।